

टेस्ट क्रिकेट बहुत महत्वपूर्ण है

आइपीएल 2022 के अपने पहले लीग मैच में मुंबई इंडियंस का सामना दिल्ली कैपिटल्स से हुआ था और इस मैच में मुंबई को चार विकेट से हार का सामना करना पड़ा था। दोनों टीमें के बीच ये मुकाबला मुंबई के ब्रेबार्न स्टेडियम में खेला गया था। इस मैच में मुंबई की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 178 रन बनाए थे, लेकिन वो इसे डिफेंड करने में कामयाब नहीं हो पाए थे। दिल्ली को जीत के लिए जो लक्ष्य मिला था उसे इस टीम ने 18.2 ओवर में 6 विकेट पर हासिल कर लिया था। इस मैच में बुमराह की गेंदबाजी ज्यादा अच्छी नहीं रही थी और उन्होंने 3.2 ओवर में 43 रन लुटा दिए थे।

## फिट हो गया मुंबई का यह तूफानी बल्लेबाज

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मुंबई। भारतीय बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव अब पूरी तरह से फिट हो चुके हैं और वो आइपीएल 2022 के लिए अपनी टीम मुंबई इंडियंस के साथ राजस्थान रायल्स के खिलाफ होने वाले मुकाबले के लिए जुड़ गए हैं। सूर्यकुमार यादव को उंगली में चोट लगी थी और अब उनकी इंजरी सही हो गई है। पांच बार आइपीएल खिताब जीतने वाली टीम मुंबई की तरफ से कहा गया कि सूर्यकुमार यादव ने अपना पृथकवास पूरा कर लिया है और वो टीम के साथ जुड़ गए हैं। पिछले महीने वेस्टइंडीज के खिलाफ घरेलू सीरीज के दौरान उंगली में चोट लगने के बाद वह राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में पुनर्वास के दौर से गुजर रहे थे। वह 27 मार्च को दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मुंबई इंडियंस के लिए सत्र के शुरुआती आइपीएल मैच में नहीं खेल सके थे। फ्रेंचाइजी से जारी बयान के मुताबिक सूर्यकुमार यादव अपने अनिवार्य पृथकवास से बाहर आ गये है। उन्होंने टीम के अपने साथी कीरोन पोलार्ड, ईशान किशन और जसप्रीत बुमराह के साथ सत्र में हिस्सा लिया था और उनकी मौजूदगी से टीम उत्साहित है।

# इस वर्ल्ड कप में शतक लगाने में दूसरे नंबर पर है भारत

## आस्ट्रेलिया की तरफ से लगे हैं सबसे ज्यादा सेंचुरी

क्रिकेट

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। आइसीसी महिला क्रिकेट वर्ल्ड कप के दो फाइनलिस्ट तय हो गए हैं। पहले सेमीफाइनल मैच में आस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज को हराकर फाइनल में जगह बनाई थी तो दूसरे सेमीफाइनल मैच में दक्षिण अफ्रीका को हार का सामना करना पड़ा और इंग्लैंड की टीम फाइनल में पहुंच गई।

इस मैच में इंग्लैंड की तरफ से इंग्लैंड की डेनियल वेट ने शानदार 129 रन की शतकीय पारी खेली और अपनी टीम को एक सम्मानजनक टोटल तक पहुंचाया। ये उनके करियर का दूसरा और वर्ल्ड कप का पहला शतक था। इस वर्ल्ड कप में अब तक शतक लगाने वाले खिलाड़ियों की बात करें तो कुल 11 शतक लगे हैं। आस्ट्रेलिया की टीम इस सूची में पहले नंबर पर है। इस टीम की तरफ से तीन शतक लगे हैं। आस्ट्रेलियाई खिलाड़ी एलिसा हेली, रचेल हेंस और कप्तान मेग लेनिंग के बल्ले से शतक निकले हैं। इस सूची में दूसरे नंबर पर भारत, इंग्लैंड और न्यूजीलैंड की टीमें हैं जिनकी ओर से 2–2 शतक निकले हैं। वेस्टइंडीज और पाकिस्तान के नाम एक–एक शतक है। इंग्लैंड की ओर से नताली स्कीवर ने न्यूजीलैंड के खिलाफ तो वुलवर्ट ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शतक लगाया था। इसके अलावा न्यीजूलैंड की बल्लेबाज सुजी बेट्स और सोफी डिवाइन ने शतक लगाया था। वेस्टइंडीज की तरफ से एकमात्र शतक हेली मैथ्यूज ने लगाया था जबकि पाकिस्तान की तरफ से सिदरा अमीन शतकीय पारी खेली थी।



**भारत की तरफ से एक ही मैच में लगे थे दो शतकः** भारत की तरफ से दोनों शतक एक ही मैच में वेस्टइंडीज के खिलाफ लगे हैं। भारत की ओर से ये शतक स्मृति मंधाना और हरमनप्रीत कौर ने वेस्टइंडीज के खिलाफ लगाए थे। मंधाना ने 119 गेंदों पर 123 रन जबकि हरमनप्रीत कौर ने 107 गेंदों पर 109 रन की पारी खेली थी। इस मैच में भारत ने 317 रन बनाए थे और वेस्टइंडीज को 162 रन पर आउट कर 155 रन से जीत दर्ज की थी।

**आस्ट्रेलिया ने बनाई वर्ल्ड कप के फाइनल में जगहः** आइसीसी महिला वर्ल्ड कप के पहले सेमीफाइनल मैच में आस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज को आसानी से हराकर फाइनल में जगह बना ली है। अभी तक आस्ट्रेलिया एक भी मैच नहीं हारा है। अब आस्ट्रेलिया की टीम अपने 7वें वर्ल्ड कप खिताब से महज एक जीत दूर है।

## इस बार आईपीएल में नहीं खेल पाने का सैम करन को बहुत अफसोस

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। इंग्लैंड के पूर्व ऑलराउंडर सैम करन इंडियन प्रीमियर लीग 2022 का हिस्सा नहीं बन पाने पर परेशान हैं। 23 साल के इस ऑलराउंडर ने चेन्नई सुपर किंग्स के लिए पिछले कुछ सीजन में अच्छा प्रदर्शन किया है। लेकिन इस बार फिटनेस की परेशानियों की वजह से वह आईपीएल में नहीं खेल रहे हैं। बाएं हाथ के इस खिलाड़ी को स्ट्रेस फ्रेक्चर है। बीते साल अक्टूबर में आईपीएल 2021 के दूसरे चरण के दौरान ही उन्हें यह दिक्कत हुई थी।

इसी चोट की वजह से वह टी20 वर्ल्ड कप 2021 और एशेज 2021–22 में नहीं खेल पाए थे। पहले उम्मीद थी कि वह



आईपीएल 2022 में वापसी कर सकते हैं लेकिन इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड के मेडिकल स्टाफ ने उन्हें नीलामी के लिए रजिस्ट्रेशन नहीं करवाने की सलाह दी। आईपीएल दुनिया की सबसे बड़ी टी20 लीग मानी जाती है, ऐसे में इसका हिस्सा नहीं बन पाने पर करन को काफी अफसोस है। करन ने ईएसपीएनक्रिकइंफो के साथ बातचीत में कहा कि आईपीएल की नीलामी में शामिल नहीं होने का उनका फैसला काफी अच्छा रहा। उन्होंने कहा, वहां नहीं होकर मैं बहुत निराश हूं। घर से बैठकर आईपीएल देखना काफी परेशान करने वाला है। मैं नीलामी में शामिल होना चाहता था लेकिन आखिर में मैंने ऐसा नहीं करने का फैसला किया। मुझे लगता है कि यह सही फैसला था। अगर देखिए, तो आईपीएल बहुत जल्दी आ गया।

इंग्लैंड के ऑलराउंडर ने आगे कहा कि वह इस कॉम्पीटिशन में भाग ले सकते थे लेकिन वह चोट लगने के किसी संभावित खतरे को टालना चाहते थे। उन्होंने आगे कहा, मैं शायद एक रिस्क लेकर इसमें शामिल हो सकता था। शायद मैं कहता, श्चलो देखते हैं। मैं अब नेट्स में गेंदबाजी कर रहा हूं, तो इस लिहाज से देखें तो शायद मैं वहां गेंदबाजी कर रहा होता।

## साल 2018 से आईपीएल में लगाए हैं सबसे ज्यादा छक्के

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मुंबई। इंडियन प्रीमियर लीग 2022 में चेन्नई सुपर किंग्स और लखनऊ सुपर जायंट्स की टीमें आमने–सामने होंगी। दोनों टीमों की सीजन की शुरुआत अच्छी नहीं रही है। चेन्नई को कोलकाता के हाथों हार का सामना करना पड़ा था। वहीं लखनऊ की टीम को गुजरात टाइटंस ने हराया था। अपना पहला सीजन खेल रही लखनऊ की कमान धुरंधर बल्लेबाज केएल राहुल के हाथों में है। राहुल हालांकि गुजरात के खिलाफ खाता भी नहीं खोल पाए थे लेकिन चेन्नई के कप्तान रविंद्र जडेजा को मालूम है कि एक बार लय पकड़ पाने के बाद राहुल को रोकना मुश्किल है। राहुल ने बीते सीजन में 626 रन बनाए थे। इसके अलावा 2020 में 670, 2019 में 593 और 2018 में 659 रन बनाए थे। यानी बीते चार सीजन में वह तीन बार छह सौ से ज्यादा रन बना चुके हैं। और एक बार सिर्फ सात रन से ही पीछे रहे थे। राहुल की फॉर्म जडेजा को चिंता में डाल सकती है। केएल राहुल के साथ खासियत यह है कि वह परंपरागत शॉट खेलते हुए भी तेजी से रन बना सकते हैं। इसके अलावा इनोवेशन में भी उनका कोई जवाब नहीं।

## न्यूज डायरी



### कप्तान डु प्लेसिस ने की दिनेश कार्तिक की तारीफ

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। इंडियन प्रीमियर लीग के छठे मुकाबले में आखिरकार आरसीबी ने जीत से खाता खोल लिया है। लो स्कोरिंग वाले इस मैच में आरसीबी ने 3 विकेट से कोलकाता को हराकर इस सीजन की पहली जीत दर्ज की। इस जीत में टीम के हीरो रहे शहबाज अहमद और दिनेश कार्तिक जिन्होंने कुछ अच्छे शाट्स लगाए और एक वक्त रोमांचक हुए मैच को अपनी टीम की तरफ मोड़ दिया। कार्तिक ने 7 गेंदों पर 14 रन की छोटी लेकिन महत्वपूर्ण पारी खेली। जीत के बाद टीम के कप्तान फाफ डु प्लेसिस ने विकेटकीपर बल्लेबाज दिनेश कार्तिक की तारीफ की और उनकी तुलना धौनी से की। उन्होंने कहा टीम को डीके के अनुभव का फायदा मिला हालांकि रन हमसे ज्यादा दूर नहीं थे लेकिन वे काफी शांत नजर आए। वह शायद उतना ही शांत है जितना कि एमएस धौनी अंतिम पांच ओवरों में रहते हैं आपको बता दें कि फाफ इससे पहले धौनी की कप्तानी में ही सीएसके की टीम में थे। उन्होंने पहले भी धौनी की कप्तानी की खूब तारीफ की थी और कहा था कि उनसे बहुत कुछ सीखने को मिला है।

### इस गेंदबाज का है पर्पल कैप पर कब्जा, एक ही मैच में लिए थे चार विकेट

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। इंडियन प्रीमियर लीग के 15वें सीजन में सभी टीमों ने एक–एक मैच खेल लिए हैं। इस सीजन में अब तक हुए मैचों में बल्लेबाजों और गेंदबाजों दोनों का बराबर दबदबा देखने को मिला है। कुछ टीमों ने 200 से ज्यादा का स्कोर भी खड़ा किया है तो कुछ 128 जैसे लो स्कोर पर भी आउट हुए हैं। इसलिए हर बार की तरह इस बार भी गेंदबाजों में पर्पल कैप को लेकर होड़ मची हुई है। वर्तमान में आरसीबी की तरफ से खेल रहे वानिंदु हसरंगा पर्पल कैप होल्डर हैं। उनके नाम 2 मैचों में 5 विकेट है इसमें से 4 विकेट तो उन्होंने एक ही मैच में हासिल किया है। हसरंगा ने कोलकाता के खिलाफ 4 विकेट लेकर टीम को जीत दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। इस सूची में दूसरे नंबर पर कोलकाता के तेज गेंदबाज उमेश यादव हैं जिनके नाम 2 मैचों में 4 विकेट है। दोनों ही मैचों में उमेश ने पावरप्ले में अपनी टीम को विकेट लेकर दिए हैं। उमेश पिछले कुछ महीनों से टीम इंडिया से बाहर चल रहे हैं ऐसे में उनका यह प्रदर्शन उनकी वापसी का रास्ता खोल सकती है।

### चेन्नई के खिलाफ इन पर होगी लखनऊ को जीत दिलाने की जिम्मेदारी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। इंडियन प्रीमियर लीग के 7वें मैच में पहली बार आइपीएल खेल रही लखनऊ की टीम चेन्नई के खिलाफ जीत के इरादे से उतरेगी। टीम के पास केएल राहुल और क्विंटन डी काक के रूप में सबसे खतरनाक ओपनिंग जोड़ी मौजूद है। हालांकि पहले मैच ये जोड़ी कुछ खास नहीं कर पाई और इसी का खामियाजा टीम को भुगतना पड़ा। दोनों पहले मैच में 13 रन के स्कोर पर वापस पवेलियन चले गए थे। इसलिए इस मैच में दोनों के ऊपर टीम को अच्छी शुरुआत दिलाने की जिम्मेदारी होगी। हालांकि पहले मैच में दीपक हुड्डा और आयुष बदोनी की बल्लेबाजी जरूर टीम को ऊर्जा देगी। बदोनी और हुड्डा ने पहले मैच में शानदार अर्धशतकीय पारी खेली थी। मैच के बाद कप्तान राहुल ने उन्हें टीम का बेबी एबी बताया था।

### कप्तान फाफ डुप्लेसिस ने काफी राहत की सांस ली

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मुंबई। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर ने कोलकाता नाइट राइडर्स को रोमांचक मुकाबले में हरा दिया। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। वानिंदु हसरंगा की शानदार फिरकी के सामने कोलकाता के बल्लेबाज काफी असहज नजर आए। श्रीलंका के इस लेग स्पिनर ने कमाल की गेंदबाजी करते हुए चार ओवरों में सिर्फ 20 रन देते हुए चार विकेट हासिल किए। बेंगलोर ने आखिरी ओवर में मुकाबला अपने नाम कर लिया। मैच के बाद बेंगलोर के कप्तान फाफ डुप्लेसिस ने काफी राहत की सांस ली। उन्होंने इस तरह की जीत को जरूरी बताया। इसके साथ ही उन्होंने दिनेश कार्तिक की तुलना महेंद्र सिंह धोनी से भी की।